दिन– सोमवार दिनांक– 13 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– दरभंगा, उजियापुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न। छप्पन दशमलव आठ–पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

02. केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय तथा जदयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह समेत पचपन उम्मीदवारों का राजनीतिक भाग्य ईवीएम में हुआ सील।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाजीपुर, छपरा और मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। कांग्रेस और राजद पर विकास विरोधी होने का लगाया आरोप।

04. और, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित किये।

---

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि छप्पन दशमलव आठ–पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतों की गिनती चार जून को होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सबसे अधिक बेगूसराय में अंठावन दशमलव चार प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, समस्तीपुर में अट्ठावन दशमलव एक, दरभंगा में छप्पन दशमलव छह–तीन, उजियारपुर में छप्पन और मुंगेर में पचपन प्रतिशत मतदान हुआ है।

–––बाईट–––

चौथे चरण के मतदान के बाद राज्य के चालीस में से उन्नीस लोकसभा क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हो गया।

---

आज के मतदान के दौरान पुलिस और उत्पाद विभाग समेत अन्य एजेंसियों ने चार करोड़ अंठानवे लाख रूपये मूल्य की शराब जब्त की। वहीं, एक करोड़ उनतालीस लाख रूपये नकद बरामद किये गये। मतदान के दौरान कुल बासठ शिकायतें प्राप्त हुई, जिसका समय पर निष्पादन किया गया।

---

आज के मतदान के बाद चार महिला प्रत्याशियों समेत पचपन उम्मीदवारों का राजनीतिक भाग्य ईवीएम में सील हो गया है। उजियारपुर संसदीय क्षेत्र में तेरह, दरभंगा में आठ, समस्तीपुर और मुंगेर में बारह–बारह तथा बेगूसराय में दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

चौथे चरण में दो केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय की राजनीतिक किस्मत ईवीएम में सील हो गयी है। बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से गिरिराज सिंह का मुकाबला सीपीआई के अवधेश राय से है, जबकि उजियारपुर से नित्यानंद राय की सीधी टक्कर राजद के आलोक मेहता से है। मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर है। उनका मुकाबला राजद की अनिता देवी से है जो पहली बार चुनाव मैदान में हैं। समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास की शांभवी चौधरी और कांग्रेस के सन्नी हजारी आमने–सामने हैं। वहीं, दरभंगा से भाजपा के गोपालजी ठाकुर का सीधा मुकाबला राजद के ललित यादव के साथ है। समाचार कक्ष से मैं संतोष कुमार झा।

———————————————————————————

बेगूसराय से हमारे संवाददाता ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये थे।

–––बाईट–––

बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी–लम्बी कतारें देखी गयी। जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार और आयोग के ऑब्जर्वर सुबह से ही मतदान केन्द्रों का जायजा लेते दिखे। उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार, पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह और पूर्व विधायक अमिता भूषण समेत कई नेताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुछ बूथों पर ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत मिली, जिसे तुरंत बदल दिया गया। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

———————————————————————————

मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया। मुंगेर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या एक सौ पैंतालीस और एक सौ छियालीस पर मतदाता पर्ची का वितरण नहीं होने को लेकर दो गुटों के बीच पथराव हुआ। वहीं, बूथ संख्या एक सौ सतहत्तर और एक सौ अठहत्तर पर वोटरों को गुमराह करने के आरोप में पुलिस ने राजद के प्रदेश महासचिव पंकज यादव को हिरासत में लिया। एक अन्य घटना में मुंगेर लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत मध्य विद्यालय, शंकरपुर स्थित बूथ संख्या दो सौ दस पर पीठासीन पदाधिकारी ओंमकार चौधरी की हृदय गति रूक जाने से मौत हो गयी। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

———————————————————————————

दरभंगा लोकसभा क्षेत्र में पोलिंग बूथों पर सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी कतारें देखने को मिली। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

दिव्यांग, महिला और बुजुर्ग मतदाताओं के साथ–साथ पहली बार मतदान करने वाले वोटरों ने बढ़–चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया। सुबह से ही जिलाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मतदान केन्द्रों का जायजा लेते दिखे। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

———————————————————————————

समस्तीपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि समस्तीपुर और उजियारपुर लोकसभा क्षेत्रों में महिला, बुजुर्ग और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

———बाईट———

समस्तीपुर और उजियारपुर लोकसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न हो गया। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से हर मतदान केन्द्रों को लगातार निर्देश दिया जाता रहा। चिन्हित मतदान केन्द्रों से पूरी मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग भी की गयी। जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों और प्रेक्षकों की टीम ने भी बूथों का निरीक्षण किया। निर्वाचन आयोग की टीम द्वारा शिकायतों का त्वरित निष्पादन हुआ। आकाशवाणी समाचार के लिए समस्तीपुर से कृष्ण कुमार।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के शेष तीन चरणों के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार जनसभा और रोड शो कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस जैसी राजनीतिक पार्टियां कभी भी लोगों के कल्याण के लिए काम नहीं करेगी, क्योंकि वे अगली पीढ़ी के लिए सम्पत्ति जुटाने में व्यस्त हैं।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की साजिश कर रहा है, जिसे भाजपा कभी सफल नहीं होने देगी।

———बाईट———

इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी के पुपरी राजबाग मैदान में पार्टी प्रत्याशी देवेश चन्द्र ठाकुर और मधुबनी के हरलाखी में भाजपा प्रत्याशी अशोक यादव के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान राज्य में विकास के कार्यों के साथ शांति का माहौल कायम हुआ।

———बाईट———

दूसरी तरफ राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज गोपालगंज में वीआईपी उम्मीदवार प्रेमनाथ चंचल के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित किया। श्री

यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर कुछ नहीं बोलते हैं।

---बाईट---

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से राजद उम्मीदवार मीसा भारती ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। बाद में उनके समर्थन में एस.के. मेमोरियल हॉल में एक सभा आयोजित की गयी, जिसमें राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुये। इधर, सासाराम संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के मनोज कुमार और बहुजन समाज पार्टी के संतोष कुमार समेत छह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा। बक्सर से पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। सातवें चरण के लिए कल नामांकन की अंतिम तिथि है। पंद्रह मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार सत्रह मई तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान एक जून को होगा।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात महाराजगंज लोकसभा सीट की। महाराजगंज बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां छठे चरण में पच्चीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

---बाईट---

उत्तर प्रदेश की सीमा से सटा महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र वर्ष 1957 में अस्तित्व में आया था। पूर्व प्रधानमंत्री और महान समाजवादी नेता चंद्रशेखर भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में यहां से भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को जीत मिलती रही है। पार्टी ने एक बार फिर उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, विपक्षी गठबंधन से कांग्रेस ने आकाश कुमार सिंह को टिकट दिया है। आकाश कुमार सिंह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बेटे हैं। इस बार के चुनाव में कुल 5 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों के बीच ही माना जा रहा है। विधानसभावार शक्ति संतुलन देखें तो 6 में से 4 सीटों पर विपक्षी गठबंधन के घटक दलों का कब्जा है और 2 सीट पर भाजपा के विधायक हैं। एकमा और बनियापुर सीट पर राजद, महाराजगंज पर कांग्रेस और मांझी सीट पर सी पी एम के विधायक हैं जबकि गोरेयाकोठी और तरैया विधानसभा सीट भाजपा के कब्जे में है। कृषि प्रधान महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में उद्योग धंधों का घोर अभाव है जिस कारण रोजगार के लिए पलायन क्षेत्र की प्रमुख समस्या है। इसके अलावा स्थानीय लोगों की एक प्रमुख मांग महाराजगंज को जिला का दर्जा देने की रही है। भाजपा उम्मीदवार जनार्दन सिंह सिग्रीवाल पिछले दस वर्षों के अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के लिए किए गए विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के नाम पर लोगों को गोलबंद करने में जुटे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह भी महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों के साथ साथ पार्टी के घोषणा पत्र में किए गए वायदों के आधार पर जनता के बीच जा रहे हैं। यह देखना काफी रोचक होगा कि क्षेत्र के लगभग 18 लाख मतदाता भाजपा प्रत्याशी को लगातार तीसरी बार संसद भेजते हैं या एक नए चेहरे कांग्रेस के आकाश कुमार सिंह पर भरोसा जताते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए महाराजगंज से पवन कुमार सिंह।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने आज दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं। सीबीएसई ने एक बयान में कहा है कि बारहवीं कक्षा में कुल सत्तासी दशमलव नौ–आठ प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यह प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव छह–पांच प्रतिशत अधिक है। लड़कियों की

उत्तीर्णता प्रतिशत लड़कों की तुलना में छह दशमलव चार–शून्य प्रतिशत अधिक है। बोर्ड ने दसवीं कक्षा के नतीजों की घोषणा cbseresults.nic.in या cbse.gov.in के साथ–साथ डिजिलॉकर और उमंग ऐप पर भी की है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– दरभंगा, उजियापुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न। छप्पन दशमलव आठ–पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

02. केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय तथा जदयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह समेत पचपन उम्मीदवारों का राजनीतिक भाग्य ईवीएम में हुआ सील।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाजीपुर, छपरा और मुजफ्फरपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। कांग्रेस और राजद पर विकास विरोधी होने का लगाया आरोप।

04. और, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित किये।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।